महत्वपूर्ण एवं खास

राजिम मेला अवधि तक अवकाश प्रतिबंधित

गरियाबंद (आरएनएस)। गरियाबंद जिले में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष 2023 में राजिम माघी पुन्नी मेला 5 फरवरी 2023 माघ पूर्णिमा से 18 फरवरी 2023 महाशिवरात्रि तक आयोजित किया गया है। मेला के सुव्यवस्थित संचालन हेतु कलेक्टर प्रभात मलिक ने राजिम माघी पुन्नी मेला अवधि तक गरियाबंद जिला में कार्यरत समस्त अधिकारी-कर्मचारियों का अवकाश प्रतिबंधित किया है। कलेक्टर के आदेशानुसार विशेष परिस्थितियों में अवकाश पर स्पष्ट औचित्य प्रतिपादित करने पर अवकाश स्वीकृत की जायेगी।

पैसे के लेन-देन को लेकर दो पक्ष भिड़े

रायपुर (आरएनएस)। शंकरनगर खम्हारडीह में पैसे के लेन-देन को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी रूपम पांडे 30 वर्ष ने थाना में शिकायत किया उधार पैसे के लेन-देन को लेकर आरोपी हरीश धरमानी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी हरीश धरमानी 28 वर्ष ने थाना में शिकायत किया आरोपी रूपम पांडे ने उधार पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

घर के बाहर खड़ी दोपहिया पार

रायपुर (आरएनएस)। रामसागर पारा आजाद चौक में घर के बाहर खड़ी मेस्ट्रो को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार किशन कुंज रामसागरपारा निवासी प्रार्थी करण खंडेलवाल 31 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी मेस्ट्रो क्रमांक सीजी 04 केएफ 2127 को खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए मेस्ट्रो की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश के चलते महिला से मारपीट

रायपुर (आरएनएस)। विनायक चौक विकाश नगर में पुरानी रंजिश के चलते दो लोगों ने महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार विनायक चौक निवासी प्रार्थिया विमला शर्मा 50 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपी अनिल सोनी व रूखमणी सोनी ने प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

हाइवा की टक्कर से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

रायपुर (आरएनएस)। हाइवा की टक्कर से विद्युत ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार बिजली विभाग कार्यालय के कर्मचारी प्रार्थी ओमप्रकाश ठाकुर 40 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि ग्राम टेमरी के पास हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 04 जेडी 8876 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रांसफार्मर को टक्कर मार दिया। जिससे ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। तेलीबांधा पुलिस ने सतनामीपारा के पास चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि सतनामीपारा में एक युवक चाकू लहरा कर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी शेखर निहाल 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है।

महानदी व बालका नदी के संगम पर श्रद्धालु लगाएंगे आस्था की डुबकी

❐ पांच दिवसीय कर्णेश्वर मेला महोत्सव 5 से शुरू

नगरी (आरएनएस)। सिहावा में श्रृंगी ऋषि पर्वत के नीचे महानदी के तट पर छिपली पारा ग्राम पंचायत अंतर्गत देउरपारा बसा है यहाँ महानदी व बालका नदी का संगम होता है मांघ पूर्णिमा पर यहां हज़ारो श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाते है। समीप ही 11वीं शताब्दी में राजा कर्णराज द्वारा निर्मित शिव मंदिर,राम जानकी मंदिर ,नन्दी,गणेश मन्दिर,विष्णु के मंदिर है इस स्थान को लोग कर्णेश्वर धाम के नाम से जानते है कर्णेश्वर धाम मे माघ पूर्णिमा के अवसर पर 5 फरवरी से विशाल मेला का आयोजन प्रति वर्ष अनुसार किया जा रहा है। कर्णेश्वर धाम मे सोमवंशी राजाओं द्वारा निर्मित भगवान शिव एवं राम जानकी का मंदिर है।

मंदिर में लगे सोलह पंक्तियों की आयताकार भीतर शिलालेख कांकेर के सोमवंशी राजा कर्णराज के शासनकाल में शक् सम्वत 1114 में उत्कीर्ण कराया गया। शिलालेख संस्कृत भाषा के देवनागरी लिपि में लिखी गयी है।शिलालेख से विदित होता है कि महराज कर्णराज ने अपने वंश की कीर्ति को अमर बनाने के लिए कर्णेश्वर देवहद मे छह मंदिरों का निर्माण किया।

एक अपने नि संतान भाई कृष्णराज के नाम, दूसरा मंदिर प्रिय पत्नी भोपालादेवी के नाम निर्मित कराया। कर्णराज ने त्रिनेत्रधारी भगवान शिव की आराधना कर प्रतिष्ठा किया। कर्णराजद्वारा निर्मित मंदिर मे शिव के अलावा मर्यादा पुरुषोत्तम राम जानकी मंदिर प्रमुख है।

भगवान शिव को बीस वर्ग फुट आयताकार गर्भ गृह में प्रतिष्ठित किया गया ही। गर्भगृह का शीर्ष भाग कलश युक्त है। मंदिर का अग्रभाग मंडप शैली मे बना है, जिसकी छत आठ कोडीय प्रस्तर स्तंभों पर टिक़ी है। मंदिर का पूरा भाग पाषाण निर्मित है।

जनश्रुति है कि कांकेर के सोमवंशी राजाओं के पूर्वज जग्गनाथपूरी उड़ीसा के मूल निवासी थे। सोमवंशी राजाओं ने पहले पहल नगरी मे अपनी राजधानी बनाई।

असाध्य रोगों के लिये अमृत कुण्ड- कर्णेश्वर धाम मे एक प्राचीन अमृतकुण्ड है।किवदंती ही कि इस कुंड के जल के स्नान से कोड जैसे असाध्य रोग ठीक हो जाता था।

सोमवंशी राजाओ ने इसे मिट्टी से भर दिया। अमृतकुंड से लगा हुआ छोटा सरोवर मोती तालाब राजा के दो पुत्रियां सोनई-रूपई के नाम से जाना जाता है। सोनई रूपई कांकेर के राजा धर्म देव की पुत्रियाँ थी।मन्दिर परिसर में विविध देवी देवताओं की प्रतिमा है सोम वन्शीय राजाओं का विजय स्तम्भ है माघपुर्णिमा के पावन अवसर पर हजारों श्रद्धालु बालका व महानदी के संगम में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य के भागीदार बनेंगे।

लुप्त हो जाती है अस्थियां- बालका व महानदी संगम स्थल से दक्षिण दिशा में महानदी पर पचरी घाट पर स्थित कुण्ड में अस्थियां विसर्जित की जाती है मान्यता है कि यहाँ ढाई पहर में विसर्जित अस्थिया लुप्त हो जाती है।

कर्णेश्वर धाम में विकास की गति बढ़ी- ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने बताया कि कर्णेश्वर धाम के विकास में ट्रस्ट के संरक्षक व सिहावा विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव का सतत प्रयास रहता है, अभी सामुदायिक भवन हेतु मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तीस लाख रुपये की घोषणा की है।जनभागीदारी से अनेक कार्य हो रहे है मन्दिर परिसर का चौड़ीकरण,रंगमंच सहित मन्दिर परिसर के भीतर व बाहर डोम शेड बनने से कर्णेश्वर धाम की शोभा बढ़ी है।

बाबा बालग़ीर करते है देवी देवताओं की अगुवाई- मेला में इलाके भर से पारम्परिक रूप से देवी देवताओं का आगमन होगा। बस्तर, उड़ीसा के देवी देवता भी पुन्नी स्नान व कर्णेश्वर महादेव का दर्शन कर बाबा बालगीर के अगुवाई व छिपली पारा के टिकरी वाली के मार्गदर्शन में माता खम्बेस्वरी से जोहार भेंट कर मड़ाई की परिक्रमा करेंगे।

विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन- मेला महोत्सव के दौरान 4 फरवरी को राम धुनी झांकी,5 फरवरी को छतीसगढ़ी कार्यक्रम लोक सुर बिलासपुर,6 फरवरी को अनुराग शर्मा, कंचन जोशी नाइट,7 फरवरी को रंग झरोखा भिलाई,8 फरवरी मवलीभाटा उड़ीसा की प्रस्तुति कर्णेश्वर धाम के रंग मंच पर होगी।

देउरपारा के युवा आगे आये- मेला महोत्सव को सफल बनाने देऊर पारा के युवाओ ने कमर कसी है। ग्राम के देवेंद्र साहू,हेमन्त पूरी गोस्वामी,कृष्ण कुमार निषाद,राजेश पूरी,राहुल साहू,परमेश्वर नेताम,प्रीतम गिरी,मोनू साहू,देवेंद्र मिश्रा आदि युवा शामिल है।

अवैध खनिज परिवहन करते पकड़ाए छह हाईवा

❐ खनिज सहित माइनिंग एक्ट के तहत की गई कार्रवाई, डेढ़ लाख रुपए से अधिक का जुर्माना

पाटन (आरएनएस)। खनिज महकमा की टीम ने शुक्रवार.को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर जांच की। इस दौरान अवैध रूप से खनिज परिवहन कर रहे 6 हाईवा पकड़े गए इन सभी को खनिज सहित जप्त कर माइनिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। अवैध खनिज परिवहन कर रहे वाहनों पर डेढ़ लाख रुपए से भी अधिक का जुर्माना प्रस्तावित किया गया है।जानकारी के मुताबिक जिला प्रशासन के निर्देश पर जिला खनिज अधिकारी के मार्गदर्शन में खनिज निरीक्षक भरत बंजारे के नेतृत्व में एवं टीम शामिल सहयोगी टी एस उमरे एवं खनिज विभाग के सतीश देवांगन व अन्य वे अलग अलग जगहों पर

दबिश देकर खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की जांच की जांच के दौरान पाटन क्षेत्र के जामगाव आर किसान चौक पर एक हाईवा एवं एक अन्य हाईवा में गिट्टी का बिना रॉयल्टी पर्ची का परिवहन करते पाया गया। इन दोनों हाईवा पर कार्रवाई

इन वाहनों में किया जा रहा था अवैध परिवहन जानकारी के अनुसार अवैध खनिज परिवहन करते पकड़े गए वाहनों में सीजी07 बी सी 8659, सीजी 07 सीजी 3280, सीजी 07 बीई 1728, सीजी 14 एमडी 5826, सीजी 07 बीई 9920 एवं सीजी 07 बीवाई 5508 शामिल है।खनिज परिवहन करते पकड़ाए। इन्हें नेवई व उतई थाने के सुपुर्दगी में दिया गया है। खनिज निरीक्षक भरत बजारे का कहना है कि कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। खनिज विभाग की टीम की लगातार कार्रवाई कर रही है। आज पकड़े गए वाहनों में से 2 में रेत एवं 4 में अवैध रूप से चूना पत्थर का

परिवहन करते हुए जामगांव आर थाने में खड़ी कराई गई है। इसी तरह से दुर्ग क्षेत्र के ग्राम मंचादुर के पास दो हाईवा में बिना रॉयल्टी के गिट्टी का परिवहन करना पाया गया, इन्हें मंचादूर चौकी में खड़ी कराई गई है। इसके अलावा नेवई और उतई क्षेत्र में भी दो हाईवा अवैध किया जा रहा था।

बरही नाला के पास सड़क हादसे में भाजपा नेता अभिषेक शुक्ला घायल

❐ भाजपा नेता की कार को टक्कर मारकर बोलेरो चालक भाग निकला

बालोद (आरएनएस)। जिला कार्यसमिति की बैठक में भाग लेने गुरुर जा रहे भाजपा नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य अभिषेक शुक्ला एक सडक़ हादसे में घायल हो गए। घटना शुक्रवार की सुबह लगभग 10:30 बजे की है। सांकरा के पास बरही नाला में बने नए पुल के पास एक बोलेरो ने शुक्ला की कार को ठोकर मार दी। इससे शुक्ला के होंठ, नाक, व सिर पर चोटें आई है। उन्हें जिला अस्पताल बालोद में उपचार के बाद रायपुर निजी अस्पताल ले जाया गया है। भाजपा की जिला कार्यसमिति की बैठक शुक्रवार को गुरुर में आयोजित थी इसमें शामिल होने अभिषेक शुक्ला अपनी कार से जा रहे थे। बरही के पास नए बने पुल के नजदीक सामने से आ रही बोलेरो शुक्ला की गाड़ी को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में भाजपा नेता अभिषेक शुक्ला और किशोरी साहू बुरी तरह से घायल हो गए। इसके बाद इलाज के लिए दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि, मौका पाकर बोलेरो वाहन चालक फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू सहित कई भाजपा नेता जो कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे वहां पर पहुंच गए और उन्हें इलाज हेतु ले जाया गया। वही बताया जा रहा है की कार अभिषेक शुक्ला स्वयं चला रहे थे सामने से आ रही बोलेरो अचानक विपरीत दिशा से आकर सीधे कार को टक्कर मार दी इससे शुक्ला घायल हो गए वहीं साथ में बैठे किशोरी साहू को भी चोटें आई हैं हालांकि जिला अस्पताल में चिकित्सा के दौरान ज्यादा गंभीर चोट नहीं होने की वजह से उनका इलाज वही किया गया और अभिषेक शुक्ला को रेफर किया गया।

मां महामाया मंदिर फ रसियां में 5 को मड़ई मेला का आयोजन

नगरी (आरएनएस)। सर्वधर्म तीर्थ स्थल, मोक्षदायिनी,पतित पावनी पापमोचनी चित्रोतपल्ला गंगा, महानदी का उद्गम स्थल एवं महानंद बाबा की तपोस्थली मां महामायाँ मंदिर ट्रस्ट समिति फरसियाँ (16 पाली) के प्रांगण माघी पूर्णिमा के अवसर पर शनिवार 4 फरवरी को सभी श्रद्धालु,आम नागरिकों के मनोरंजन हेतु रात्रिकालीन कार्यक्रम में समय 9:00 बजे से छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग एवं समिति की ओर अंतर्राष्ट्रीय कलाकार पूनम विराट तिवारी कृत छत्तीसगढ़ी लोककला मंच रंग छत्तीस ममता नगर राजनांदगांव की शानदार प्रस्तुति होगी। समिति के अध्यक्ष जवाहरलाल ध्रुव, महासचिव नीरज सोन,उपाध्यक्ष सोमनाथ सोम,गजानंद कश्यप,कोषाध्यक्ष हरचंद साहू, सचिव राधेश्याम साहू अरुण प्रजापति ने बताया कि, पंडित नीलकमल शर्मा एवं मंदिर पुजारी कन्हाई राम ध्रुव की अगुवाई में सभी देवी देवताओं का पूजा अर्चना करने के पश्चात सभी श्रद्धालुओं द्वारा स्वस्थ जीवन एवं मनोकामना पूर्ण करने हेतु पवित्र कुंड में स्नान करने के पश्चात पूजा अर्चना किया जायेगा। गजानंद सोन ने बताया कि रविवार 5 फरवरी 2023 को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है जिसमें 16 पाली ग्राम के समस्त देवी देवता मां महामायाँ मंदिर का भ्रमण/परिक्रमा करते हुए समस्त जनों की सुख समृद्धि की कामना एवं आशीर्वाद प्रदान करेंगे। अत: समस्त श्रद्धालु जनों से निवेदन है कि कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित की समिति द्वारा अपील किया गया है।

तांत्रिक शक्ति के लिए गुरु की बलि, पहले सिर फोड़कर खून पीया, फिर जिंदा जला दिया,आरोपी गिरफ्तार

धमतरी (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के धमतरी में एक युवक ने दिव्य शक्तियों की लालच में अपने ही गुरु की बलि चढ़ा दी। आरोपी युवक ने पहले गुरू का सिर फोड़ दिया और उनका खून पीया। इसके बाद प्राइवेट पार्ट में डंडा डालकर उनको जिंदा जला डाला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला करेली बड़ी चौकी क्षेत्र का है।

श्मशान घाट के पास मिला था शव

जानकारी के मुताबिक, पुलिस को पैरी सोंढुर नदी के एनीकट किनारे श्मशान घाट के पास एक फरवरी को अधजली लाश मिली थी। पुलिस ने शिनाख्त कराई तो पता चला कि शव गोबरा नयापारा के सोमवारी बाजार निवासी बसंत साहू का था। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर जांच शुरू की।

चेले के साथ बाइक पर इलाज कराने की बात कहकर निकले थे

इस दौरान बसंत साहू के बेटे देवेंद्र ने बताया कि उसके पिता 31 जनवरी को किसानपारा नयापारा निवासी मान्या चावला के साथ बाइक से इलाज कराने की बात कहकर गए थे। इसके बाद नहीं लौटे। जांच में यह भी पता चला कि बसंत साहू को अंतिम बार मान्या के साथ उसकी बाइक पर लोमश ऋषि आश्रम की तरफ जाते हुए देखा गया था।

आरोपी बोला– रात को तंत्र साधना के लिए गए

शक के आधार पर पुलिस ने आरोपी मान्या चावला उर्फ रौनक सिंह को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने मान्या ने पुलिस को बताया कि बसंत साहू झाड़-फूंक करना जानता था। मान्या उससे तंत्र-मंत्र सीख रहा था। दोंनो 31 जनवरी को रात करीब 12 बजे श्मशान घाट पर तंत्र साधना करने गए थे।

जमीन के लिए चाचा का कत्ल, पटवारी के सामने ही भतीजों ने पत्थर से कुचल दिया सिर,आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर (आरएनएस)। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची, लेकिन उससे पहले ही दोनों आरोपी भाग निकले। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के आने के बाद पंचनामा कार्रवाई की जाएगी।

छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में गुरुवार को जमीन विवाद के चलते दो युवकों ने अपने ही चाचा की हत्या कर दी। चाचा जमीन के सीमांकन को लेकर पटवारी दफ्तर पहुंचा था। वहीं पर आरोपी भी पहुंच गए और पटवारी व रेवेन्यु इंस्पेक्टर के सामने पत्थर से सिर कुचलकर चाचा को मार डाला। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, बिलासपुर के सोनलोहर्षि गांव से खोलबहरा साहू (67) तनोद गांव में जमीन का सीमांकन कराने के लिए पहुंचा था। वह पटवारी कार्यालय के सामने बैठा और पामगढ़ रेवेन्यु इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह अपने ऑफिस में सीमांकन की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान उसका भतीजा संतोष साहू अपने भाई उत्तम के साथ वहां पहुंच गया। दोनों भाई सीमांकन का विरोध करने लगे।

हंगामा बढ़ता देख पटवारी ने दोनों भतीजों से भी आवेदन देने के लिए कहा। इस बीच संतोष और उत्तम ने अपने चाचा से हाथापाई करना शुरू कर दिया। दोनों को पटवारी और आरआई ने रोकने का प्रयास किया और उन्हें कार्यालय से बाहर जाने को कहा। इस पर तीनों दफ्तर से बाहर निकल गए। बाहर भी उनका विवाद जारी रहा। आरोप है कि इस दौरान दोनों भाइयों ने पत्थर से चाचा का सिर फोडक़र हत्या कर दी।

888 हितग्राहियों को डेढ़ करोड़ रूपए से अधिक राशि की सब्सिडी का वितरण जारी

❐ छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिक वाहन को बढ़ावा देने वाहन के मूल्य का 10 प्रतिशत सब्सिडी

रायपुर (आरएनएस)। परिवहन विभाग द्वारा राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2022 के तहत हितग्राहियों को सब्सिडी का वितरण निरंतर किया जा रहा है। इस तारतम्य में अभी 888 इलेक्ट्रिक वाहन स्वामियों को 01 करोड़ 55 लाख 90 हजार 515 रूपए की राशि के सब्सिडी का वितरण जारी है। इसके पहले प्रथम चरण अंतर्गत माह दिसम्बर में राज्यभर के 404 हितग्राहियों को 80 लाख रूपए से अधिक राशि के सब्सिडी का वितरण हो चुका है। इस संबंध में परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिक वाहन को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप हर संभव पहल की जा रही है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति जो इलेक्ट्रिक व्हीकल खऱीदता है, वह राज्य शासन से सब्सिडी प्राप्त कर सकता है। इसके लिए वाहन विक्रेता डीलर को अपना अकाउंट नंबर और आईएफ़एस कोड देना होगा। वाहन के मूल्य का 10 प्रतिशत जो अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक हो सकता है, इलेक्ट्रिक वाहन क्रेता के खाते में परिवहन विभाग द्वारा सीधे हस्तांतरित किए

जाएँगे। परिवहन मंत्री अकबर ने यह भी अवगत कराया है कि वर्तमान में वायु प्रदूषण की वैश्विक समस्या के मद्देनजर अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की सख्त जरूरत है। इसके मद्देनजर छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिक वाहनों से संबंधी मिशन को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव मदद उपलब्ध कराई जा रही है। इस तारतम्य में ग्राहकों को इलेक्ट्रिक वाहन की ओर आकर्षित करने के लिए सब्सिडी का वितरण किया जा रहा है, जो निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहन देने के लिए लोगों को विभिन्न सुविधाएं तथा आवश्यक मदद पहुंचाई जा रही है।

परिवहन आयुक्त दीपांशु काबरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में राज्य के विभिन्न जिलों से 888 इलेक्ट्रिक वाहन स्वामियों को डेढ़ करोड़ रूपए से अधिक राशि के सब्सिडी का वितरण जारी है। अभी वितरित किए जा रहे सब्सिडी में सबसे अधिक बिलासपुर अंतर्गत 401 हितग्राहियों को 72 लाख 78 हजार रूपए, रायपुर अंतर्गत 201 हितग्राहियों को 40 लाख रूपए तथा बलौदाबाजार अंतर्गत 86 हितग्राहियों को 10 लाख रूपए का सब्सिडी प्रदान किया गया है। इसी तरह दुर्ग अंतर्गत 74 हितग्राहियों 12 लाख 4 हजार रूपए, जांजगीर अंतर्गत 43 हितग्राहियों को 4 लाख 64 हजार रूपए, जशपुर अंतर्गत 36 हितग्राहियों को 3 लाख 82 हजार रूपए, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही अंतर्गत 26 हितग्राहियों को 3 लाख 25 हजार रूपए, महासमुंद अंतर्गत 18 हितग्राहियों को 7 लाख 40 हजार रूपए और मुंगेली अंतर्गत 3 हितग्राहियों को एक लाख 69 हजार रूपए की राशि के सब्सिडी का वितरण शामिल है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुम सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के द्वारा सामाजिक उन्नयन अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU